मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में सिंगापुर की कंपनी और यूपी सरकार के बीच हुए अहम समझौते

यूपी में निवेश सुरक्षित, संभावनाओं से भरा: योगी

सिंगापुर दौरा

सिंगापुर/लखनऊ, हिटी। सिंगापुर दौरे के दूसरे दिन 'इन्वेस्ट यूपी मेगा रोड शो' में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश केवल संभावनाओं की नहीं, बल्कि परफॉर्मेंस की भूमि बन चुका है। हमने पिछले 9 वर्ष के अंदर उत्तर प्रदेश में केवल सुरक्षा का ही माहौल नहीं दिया, बल्कि स्केल को स्किल और स्पीड के साथ कैसे जोड़ा जाता है, इसको भी करके दिखाया है। आज उत्तर प्रदेश ने केवल टेक्नोलॉजी और ट्रस्ट में ही नहीं, बल्कि भारत के अंदर ट्रांसफॉर्मेशन के भी एक नए युग में आगे बढ़ने वाले प्रदेश के रूप में अपनी पहचान बनाई है।

मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के 'ट्रिपल एस' (सेफ्टी, स्टेबिलिटी और स्पीड) मॉडल को निवेश की सबसे बड़ी गारंटी बताते हुए प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में हो रहे प्रयासों का विस्तृत रोडमैप प्रस्तुत किया। उन्होंने सिंगापुर के उद्योग जगत को आमंत्रित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेश पूरी तरह सुरक्षित है और संभावनाओं से परिपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तरप्रदेश सरकार ने जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास एक डेडिकेटेड "सिंगापुर सिटी" विकसित करने की योजना प्रस्तुत की है। यदि सिंगापुर के निवेशक एनसीआर में आना चाहते हैं तो उनके लिए सिंगापुर सिटी की अवधारणा पर कार्य किया जा रहा है।

सीएम योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में सिंगापुर की कंपनी और यूपी सरकार के बीच कई अहम समझौते हुए।

अंतरराष्ट्रीय कंपनियों से एमओयू का आदान-प्रदान

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न क्षेत्रों की अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के साथ निवेश संबंधी समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का औपचारिक आदान-प्रदान किया। इस क्रम में ब्लू प्लैनेट के साथ इंटीग्रेटेड वेस्ट मैनेजमेंट परियोजनाओं को लेकर समझौता हुआ, जबकि एसी एविएशन प्रा. लि. के साथ एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहालिंग) तथा हेलिकॉप्टर पार्ट्स मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में एमओयू किया गया। इसके अतिरिक्त गायत्री चेन एफएनबी एंड एसोसिएट्स के साथ कैटरिंग व आतिथ्य क्षेत्र में निवेश, केएलके वेंचर्स के साथ सोलर पैनल निर्माण इकाई की स्थापना को लेकर करार हुए।

जेवर में भारी निवेश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे के दूसरे दिन उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश का एक और तोहफा मिला है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने एविएशन सर्विस सेक्टर की अग्रणी कंपनी एआई सैट्स के साथ एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत कंपनी गौतमबुद्ध नगर स्थित जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर दो प्रमुख परियोजनाएं स्थापित करेगी।

राष्ट्रपति से मिले मुख्यमंत्री

सिंगापुर/लखनऊ हिटी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आधिकारिक दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम, उप-प्रधानमंत्री गान किम योंग तथा राष्ट्रीय सुरक्षा के समन्वय मंत्री और गृह मंत्री के. शनमुगम से मुलाकात की।

इन मंत्रियों के साथ उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल की मौजूदगी में हुई चर्चाओं का केंद्र उत्तर प्रदेश में शहरी नियोजन, आंतरिक सुरक्षा ढांचे और डिजिटल गवर्नेंस में सिंगापुर की विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रहा।

लॉजिस्टिक, डाटा सेंटर में निवेश पर दिया जोर

के. शनमुगम के साथ संवाद में मुख्यमंत्री ने यूपी में बेहतर होती कानून-व्यवस्था के आधुनिकीकरण पर चर्चा की, जिसमें सिंगापुर के तकनीक-एकीकृत पुलिसिंग मॉडल और आपदा प्रबंधन प्रोटोकॉल पर विशेष ध्यान दिया गया। इन बैठकों के दौरान उपस्थित सिंगापुर के कारोबारी समुदाय को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने स्वतंत्र वित्तीय कोषों और निजी निवेशकों को राज्य के लॉजिस्टिक्स और डाटा सेंटर क्षेत्रों में निवेश के लिए आमंत्रित किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सिंगापुर दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम से शिष्टाचार भेंट की।